Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 15-12-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title: Need to allot the vacant houses of the officials of Western Coal Fields to the needy people through Panchayats in Chhindwara, M.P.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर): सभापति महोदया, हमारे देश में जहां एक ओर लाखों लोग मकान नहीं होने से चिलचिलाती धूप, कड़कड़ाती ठंड एवं बरसते पानी में आसमान की खुली छत के नीते रातें गुजराने के लिए मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के छिन्दवाड़ा जिले में वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा कोयला खदान क्षेत्र रावनवाड़ा से लेकर दमुआ तक 70 किलोमीटर लम्बी सड़क के किनारे ऐसी कई कालोनियां हैं, जहां तक तक चहल-पहल थी, किन्तु अब सन्नाटा फैला है। यह कालोनियां वैस्टर्न कोलफील्ड्स द्वारा अपने अफसरों एवं कर्मचारियों के लिए बनाई गई थीं। लेकिन कुछ सालों बाद खदानें बन्द होने से इन्हें ढहाया जा रहा है। इस कदम से भारत सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है, जबकि स्थानीय जनपद पंचायत सहित अन्य स्थानीय निकाय इन मकानों को जरूरतमंदों को देने और सामाजिक गतिविधियों के उपयोग के लिए लेने को तैयार हैं। लेकिन आफिसर इस मुद्दे पर चुप हैं। पेंच खदान क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से बने स्कूल भवन तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण भवन केन्द्र को भी गिराया गया है।

अतः मेरी केन्द्र सरकार सं मांग है कि वैस्टर्न कोलफील्ड्स की इन कालोनियों के मकानों को पंचायतें को माध्यम से जरूरतमंद लोगों को दिया जाये।